# कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पत्रांकः–मा०शि०प० / बिक्री / 41 दिनांकः– 11-02-2026

## अल्पकालीन जेम (फारवर्ड आक्शन) नीलामी की सूचना

माध्यमिक शिक्षा परिषद के पांचों क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ / बरेली / वाराणसी / गोरखपुर एवं प्रयागराज में स्थित हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 की प्रयुक्त / अप्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं एवं अन्य रद्दी की विक्रय हेतु ऐसी पंजीकृत पेपर मिलों / फर्मो से अलग–अलग क्षेत्रीय कार्यालय हेतु रद्दी के अनुमानित भार के अनुसार नीलामी आमंत्रित की जाती है जो रद्दी कागज को गलाकर लुगदी बनाने की क्षमता रखती हो। नीलामी प्रकाशन के पश्चात बिड से सम्बन्धित विस्तृत विवरण INVITATION FOR BID DOCUMENT पर बिड फार्म तथा मानक एवं शर्ते आदि जेम पोर्टल की वेबसाइट www.gem.gov.in पर क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा अपलोड की जायेगी। ई०एम०डी० की धनराशि एन०एस०सी० के रूप में कार्यालयों के मानक के अनुरूप देय होगी। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तों की समस्त जानकारी एवं निविदा फार्म परिषद की वेबसाईट upmsp.edu.in तथा शिक्षा निदेशक, माध्यमिक एवं सभापति माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ की वेबसाईट madhyamikshiksha.upsdc.gov.in पर भी नीलामी प्रकाशन की तिथि से उपलब्ध रहेगी। नीलामी निर्धारित तिथि व समय पर माध्यमिक शिक्षा परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालयों में गठित समिति के द्वारा खोली जायेगी। नीलामी के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी के लिए निम्नांकित सम्पर्क सूत्रों के माध्यम से सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। बिडर्स / निविदादाताओं को अपनी बिड जेम पोर्टल वेबसाईट www.gem.gov.in पर ऑनलाइन ही निर्धारित समयान्तर्गत (IMPORTANT TIME LINE) डाउनलोड किया जा सकेगा। नीलामीकर्ता द्वारा एक या एक से अधिक क्षेत्रीय कार्यालयों के रद्दी की नीलामी में प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय हेतु निर्धारित ई०एम०डी० की पृथक–पृथक धनराशि जमा कर प्रतिभाग कर सकता है।

## IMPORTANT TIME LINE

**1- The bid document is available at e-procurement system on gem.gov.in through Forward Auction, Interested bidders/buyers may view, all bidders will summit all required document and EMD in hard copy with Annexure-1 till 26-02-2026 by Registered Post before starting of Auction to Bikri/Store Cell, Regional Secretary Madhyamik Shiksha Parishad, Regional Office, Merrut, Barely, Varanasi, Prayagraj & Gorakhpur.**

**2-**

| | | |
|---|---|---|
| (A) | Pre Qualification start date & time | 12-02-2026 At 10:00 AM |
| (B) | Pre Qualification End date & time | 17-02-2026 At 18 :00 PM |
| (C) | Pre Qualification Assessment date & time | 19-02-2026 At 18 :00 PM |
| (D) | Payment start date and time | 20-02-2026 At 10:00 AM |
| (E) | Payment end date and time | 26-02-2026 At 18:00 PM |
| (F) | Auction start date and time | 27-02-2026 At 18:00 PM |
| (G) | Auction end date and time | 05-03-2026 At 15:00 PM |
| (H) | Site of work | Madhyamik Shiksha Parishad, Regional Office, Meerut,Bareillly, Varanasi, Prayagraj & Gorakhpur. |

### क्षेत्रीय कार्यालयों के रद्दी का अनुमानित भार निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | अनुमानित भार (कुन्तल में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मेरठ | बरेली | वाराणसी | गोरखपुर | प्रयागराज | न्यूनतम दर |
| 1 | प्रयुक्त उत्तर पुस्तक | 2499 | 1509 | 2750 | 2036 | 3270 | 2000.00 |
| 2 | जनपदों से वापस प्राप्त अप्रयुक्त सादी उत्तर पुस्तक | 490 | 260 | 315 | 201 | 1018.94 | 2050.00 |
| 3 | अन्य मिली–जुली रद्दी | 45 | 22 | 15 | 04 | 25 | 1500.00 |
| 4 | ओ०एम०आर० शीट | 34 | 71 | 45 | 16 | 50 | 1150.00 |
| 5 | सामग्री क्रम 01,02, 03 व 04 की ई०एम०डी० की धनराशि | 6,10,910.00 | 3,66,565.00 | 6,22,000.00 | 4,50,845.00 | 8,72,383.00 | |

क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर तथा प्रयागराज की रद्दी नीलामी निस्तारण समिति / अपर सचिव को किसी एक सामग्री की नीलामी या सम्पूर्ण सामग्री की नीलामी को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। सामग्रियों की मात्रा घट–बढ़ सकती है।

11/2/26

(भगवती सिंह)

सचिव।

# कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

निविदा सूचना संख्याः मा0शि0प0/मु0/बिक्री/ 43 /2025–26 दिनांकः– 11-02-2026

माध्यमिक शिक्षा परिषद के पाँचों क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/ वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज में स्थित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 की प्रयुक्त/अप्रयुक्त उत्तर पुस्तक, जनपदों से वापस प्राप्त अप्रयुक्त सादी उत्तर पुस्तक, अन्य मिली–जुली रद्दी एवं ओ0एम0आर0 शीट की बिक्री/नीलामी हेतु आमंत्रित अल्पकालीन जेम–फारवर्ड ऑक्शन

## अल्पकालीन जेम–फारवर्ड ऑक्शन सम्बन्धी महत्वपूर्ण सूचना पत्रक

| | | |
|---|---|---|
| 1– | आमंत्रित जेम–फारवर्ड ऑक्शन का नाम | माध्यमिक शिक्षा परिषद के पाँचों क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/ वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज में स्थित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष–2025 की प्रयुक्त/अप्रयुक्त उत्तर पुस्तक, जनपदों से वापस प्राप्त अप्रयुक्त सादी उत्तर पुस्तक, अन्य मिली–जुली रद्दी एव ओ0एम0आर0 शीट की बिक्री/ नीलामी |
| 2– | जेम–फारवर्ड ऑक्शन प्रस्तुत करने का प्रकार | जेम–फारवर्ड ऑक्शन (www.gem.gov.in) |
| 3– | जेम–फारवर्ड ऑक्शन का प्रकार | जेम–फारवर्ड ऑक्शन (अल्पकालीन) |
| 4– | अनुबन्ध का प्रकार | सेवा स्तर अनुबन्ध |
| 5– | चयन का तरीका | अधिकतम मूल्य मूल्यांकन (H-1)। |
| 6– | जेम–फारवर्ड ऑक्शन का अनुमानित मूल्य | जेम–फारवर्ड ऑक्शन प्रपत्र में अंकित विवरण के अनुसार। |
| 7– | निविदा अपलोड होने की तिथि | 12.02.2026 |
| 8– | जेम–फारवर्ड ऑक्शन बिड खोलने की तिथि और पता | दिनांकः–05.03.2026 अपरान्ह 03:00<br>(कार्यालय अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज।) |
| 9– | कार्य से सम्बन्धित अनुबन्ध की अवधि | सम्पूर्ण रद्दी सामग्री के लुग्दी बनाये जाने सम्बन्धी प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराये जाने तक। |
| 10– | बयाना जमा धनराशि (ई.एम.डी.) | जेम–फारवर्ड ऑक्शन प्रपत्र में अंकित विवरण के अनुसार। |
| 11– | कार्यालय सम्पर्क सूत्र | **E-Mail I.D.:-**<br>**1- roallahabad1@gmail.com**<br>**2- romeerut@gmail.com**<br>**3- robareilly@gmail.com**<br>**4- rovaranasi@gmail.com**<br>**5- upmsprogkp@gmail.com** |

ह0 ११

# जेम–निविदा (फारवर्ड ऑक्शन) नीलामी हेतु नियम व शर्तें

माध्यमिक शिक्षा परिषद के पाँचों क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज में स्थित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष–2025 की प्रयुक्त/अप्रयुक्त उत्तर पुस्तक, अन्य मिली–जुली रद्दी एवं ओ0एम0आर0 शीट की बिक्री हेतु ऑनलाइन जेम–पोर्टल (www.gem.gov.in) के माध्यम से आमंत्रित नीलामी/फारवर्ड ऑक्शन में अधिकतम (H-1) दर प्रस्तुत करने वाली फर्म/मिल को कार्य आवंटित किया जायेगा।

| क्रम | सामग्री का विवरण | अनुमानित भार (कुन्तल में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मेरठ | बरेली | वाराणसी | गोरखपुर | प्रयागराज | न्यूनतम दर |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | प्रयुक्त उत्तर पुस्तक | 2499 | 1509 | 2750 | 2036 | 3270 | 2000.00 |
| 2 | जनपदो से वापस प्राप्त अप्रयुक्त सादी उत्तर पुस्तक | 490 | 260 | 315 | 201 | 1018.94 | 2050.00 |
| 3 | अन्य मिली–जुली रद्दी | 45 | 22 | 15 | 04 | 25 | 1500.00 |
| 4 | ओ0एम0आर0 शीट | 34 | 71 | 45 | 16 | 50 | 1150.00 |
| सामग्री क्रम 01, 02, 03 एवं 04 की ई0एम0डी0 की धनराशि | | 6,10,910.00 | 3,66,565.00 | 6,22,000.00 | 4,50,845.00 | 8,72,383.00 | |

1. आमंत्रित नीलामी/फारवर्ड ऑक्शन केवल ऑनलाइन जेम–पोर्टल (www.gem.gov.in) पर प्रस्तुत करना होगा। नीलामी/फारवर्ड ऑक्शन की साइट (www.gem.gov.in) में किसी भी रूकावट या विलम्ब के लिए विभाग का नीलामीदाता/बोलीदाताओं के प्रति कोई दायित्व नही होगा।
2. रद्दी कागज को गलाकर लुगदी बनाने की क्षमता रखने वाली पंजीकृत पेपर मिलों/फर्मों/या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि ही इस नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। फर्म/मिल को पल्पिंग/लुगदी से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
3. फर्म को मिल का पल्पिंग सर्टिफिकेट जेम निविदा जारी होने के बाद जारी किया गया हो एवं मिल का जी0एस0टी0 प्रारूप संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. नीलामीदाता/बोलीदाता/फर्म/मिल (संस्था) द्वारा नीलामी प्रपत्र के निर्धारित प्रारूप–1 पर क्रमः–01 से 09 तक वाँछित समस्त सूचनाओं को पूर्ण करते हुए उससे सम्बन्धित समस्त अभिलेख जेम–पोर्टल (www.gem.gov.in) पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में उनके द्वारा प्रस्तुत नीलामी/फारवर्ड ऑक्शन पर विचार नही किया जायेगा।
5. नीलामी प्रपत्र के साथ ई0एम0डी0 के रूप में अनुमानित भार के अनुसार नीलामी/फारवर्ड ऑक्शन प्रपत्र में निर्धारित दर की धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत योजना की प्रतिभूतियों के रूप में माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज के अपर सचिव पदनाम से बंधक होगा। ई0एम0डी0 की धनराशि बोलीदाता/प्रोपराइटर/फर्म के खाता से बनी/निर्गत होनी चाहिए। यदि नीलामीदाता द्वारा एक से अधिक सामग्रियों हेतु बोली प्रस्तुत की जाती है तो उसके अनुसार समेकित धनराशि का ई0एम0डी0 प्रस्तुत कर सकता है।
6. नीलामी/फारवर्ड ऑक्शन से सम्बन्धित ई0एम0डी0 की मूलप्रति पंजीकृत डाक से नीलामी/फारवर्ड ऑक्शन की निर्धारित अन्तिम तिथि एवं समय के पूर्व कार्यालय अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज के पदनाम से भेजा जायेगा। अन्यथा उनकी नीलामी/फारवर्ड ऑक्शन पर विचार नही किया जायेगा। किसी प्रकार के विलम्ब के लिए परिषद कार्यालय उत्तरदायी नही होगा।
7. नीलामी/फारवर्ड ऑक्शन में भाग लेने वाली फर्म/मिलों को जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
8. पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र, जो वर्ष 2023 के पूर्व का न हो, प्रस्तुत करना होगा।

9. नीलामीदाता/बोलीदाता/फर्म/मिल (संस्था) के काली सूची एवं किसी भी आपराधिक मामले में संलिप्त न होने का शपथ–पत्र रूपये 10-00 के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन ही अपलोड करना होगा। मूल रूप में दिनांक 17.02.2026 (सायं 06 बजे तक) कार्यालय अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/ वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज के समक्ष प्रस्तुत/उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

10. नीलामी/फारवर्ड ऑक्शन की जाने वाली उत्तरपुस्तिकाओं एवं अन्य सामग्रियों का निरीक्षण नीलामीदाता/बोलीदाता द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद, के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालयों में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक किया जा सकता है।

11. रद्दी सामग्रियों की मात्रा अनुमानित है, जो घट–बढ़ सकती है। अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज को यह अधिकार होगा कि वह सफल नीलामीदाता/ बोलीदाता को वस्तुओं को उतनी ही मात्रा दें जितना उचित समझें। सफल निविदादाता/बोलीदाता को रद्दी सामग्री की तौल एवं परिवहन आदि पर होने वाले समस्त व्यय का वहन स्वयं करना होगा। परिषद द्वारा इस कार्य हेतु कोई अतिरिक्त भुगतान नही किया जायेगा। ढुलाई के दौरान फर्म/मिल द्वारा परिषद के कर्मचारियों एवं परिषद परिसर की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखना होगा, किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित फर्म/मिल का होगा।

12. फर्म/मिलों को सुरक्षा के समस्त मानकों को पूरा करने का दायित्व होगा, सामग्री ढुलाई के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर सम्पूर्ण दायित्व फर्म/मिल का होगा, परिषद इसके लिए उत्तरदायी नही होगा।

13. सम्पूर्ण सामग्री उठाने का कार्य पूर्ण हो जाने पर कार्यपूर्ति का प्रमाण–पत्र देने पर ही जमा की गयी धरोहर जमानत की धनराशि अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज द्वारा वापस की जा सकेगी। नीलामीदाता/बोलीदाता द्वारा परिषद को वास्तविक भार के अनुसार भुगतान करना होगा।

14. नीलामी/फारवर्ड ऑक्शन में निर्धारित दर से अधिकतम दर प्राप्त न होने पर अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज द्वारा आमंत्रित नीलामी को निरस्त किये जाने का अधिकार होगा।

15. नीलामी/फारवर्ड ऑक्शन में अधिकतम दर प्रस्तुत करने वाली फर्म को स्वीकृति आदेश प्राप्त होने के तीन दिवस के भीतर नीलामीदाता/बोलीदाता को नियमानुसार प्रचलित स्टैम्प ड्यूटी अदा करके रू 100.00 (रुपये सौ) मात्र के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध कराना होगा। नीलामीदाता/बोलीदाता ई0एम0डी0 की धनराशि को धरोहर धनराशि में समायोजित किये जाने के अनुरोध पर अपर सचिव का निर्णय अन्तिम होगा।

16. सफल नीलामीदाता/बोलीदाता को कार्यादेश निर्गत होने के उपरान्त ही रद्दी कागज/सामग्री माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज कार्यालय से कार्य की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए उनके द्वारा आदेशित निर्धारित अवधि में उठाया जाना अनिवार्य होगा।

17. सामग्रियों के मूल्य का अनुमानित अग्रिम एफ0डी0आर0/बैंक ड्राफ्ट जो अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज के पक्ष में देय होगा जमा करके बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 के दृष्टिगत परिषद द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत सामग्री उठाना होगा, ऐसा न करने पर फर्म द्वारा प्रस्तुत होने वाली सम्पूर्ण क्षति की वसूली राजस्व के रूप में नीलामीदाता/बोलीदाता से की जायेगी। बोलीदाता द्वारा सम्पूर्ण मूल्य के साथ–साथ प्रचलित दर पर जी0एस0टी0 कर भी नीलामीदाता/बोलीदाता द्वारा नियमानुसार जमा करना होगा।

18. फर्म/मिल (संस्था) के मालिक द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि यदि सामग्री उठाने आता है तो फर्म द्वारा इस आशय का अधिकार–पत्र एवं फोटोयुक्त प्रमाणित पहचान–पत्र परिषद को प्रस्तुत करना होगा।

19. नीलामी की जा रही सामग्री अत्यन्त गोपनीय प्रकृति की है, अतः सामग्री की गोपनीयता बनाये रखना सम्बन्धित फर्म की जिम्मेदारी होगी। अर्थात कोई भी सामग्री वचमद उंतामज में नहीं बेची जायेगी। संज्ञान में आने सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

20. नीलामीदाता/बोलीदाता, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्राप्त सामग्रियों को किसी भी दशा में विक्रय नहीं करेगा, अपितु इनको केवल लुगदी बनाने के प्रयोग में लायेगा और लुगदी बनाने का प्रमाण–पत्र कार्यालय अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/ वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज द्वारा नामित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगा। निविदा के साथ इस आशय का प्रमाण–पत्र देना होगा, जिसके उपरान्त धरोहर धनराशि वापस की जायेगी।

21. फर्म/मिल द्वारा नीलामी/अनुबन्ध की शर्तों का अनुपालन न किये जाने पर फर्म द्वारा जमा की गयी धरोहर की धनराशि कार्यालय द्वारा जब्त कर ली जायेगी, जिस पर नीलामीदाता को कोई आपत्ति नहीं होगी।

22. नीलामी के सम्बन्ध में किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) का निर्णय अन्तिम होगा, जो सभी पक्षों को मान्य होगा

23. फर्म को किसी भी सरकारी संस्था का लगातार पॉच वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र लगाना अनवार्य होगा।

24. विगत तीन वर्षों में फर्म /मिल का औसत टर्न ओवर कम से कम एक करोड़ का हो जो सी0ए0 द्वारा ऑडिटेड हो।

25. बिडर फर्म/मिल को अनिवार्य रूप से ISO 1400-2.2019, ISO 45001:2018 और SA 8000:4 अपलोड करना अनिवार्य होगा।

26. पैन नं0– व विगत तीन वर्षों का आयकर संलग्न करना अनिवार्य होगा।

27. किसी भी प्रकार की वाद–विवाद की स्थिति में वाद क्षेत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय का जनपद–न्यायालय होगा।

11/2/20

(भगवती सिंह)

सचिव।

# नीलामी प्रपत्र (प्रारूप–1)

## नीलामी प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति (बोलीदाता)/फर्म/मिल/संस्था का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नीलामीदाता/बोलीदाता के फर्म/मिल (संस्था) का नाम.............................................<br>.............................................<br>पंजीकरण संख्याः–..................................वर्षः–..................<br>पताः–.............................................<br>............................................. | नीलामीदाता/बोलीदाता फोटो |
| 2. | ई0एम0डी की धनराशिः–रू0 .............................................<br>दिनांकः–............................................. | अपलोड करें। |
| 3. | मिल (संस्था) का पल्पिंग प्रमाण–पत्र। | अपलोड करें। |
| 4. | नीलामीदाता/बोलीदाता/फर्म/मिल (संस्था) का पैन कार्ड। | अपलोड करें। |
| 5. | फर्म की जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन की प्रति। | अपलोड करें। |
| 6. | जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण–पत्र। | अपलोड करें। |
| 7. | जिलाधिकारी/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र जो जनवरी, 2023 से पूर्व का न हो। | अपलोड करें। |
| 8. | काली सूची एवं आपराधिक संलिप्तता में शामिल ने होने का रूपये 10.00 (रूपये दस) मात्र के स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र। (मूल रूप में) | अपलोड करें। |
| 9. | वर्ष 2022–23, 2023–24 व 2024–25 के आयकर रिटर्न की प्रमाणित प्रति (सी0ए0 से ऑडिटेड) | अपलोड करें। |
| 10. | निविदादाता फर्म का विगत तीन वित्तीय वर्षों 2022–23, 2023–24 तथा 2024–25 का औसत वार्षिक टर्नओवर 30 प्रतिशत या उससे अधिक प्रतिवर्ष तथा सी0ए0 से ऑडिटेड बैलेंसशीट होना अनिवार्य है। | अपलोड करें। |
| 11. | निविदादाता फर्म का विगत तीन वर्षों 2022–23, 2023–24 व 2024–25 का जी0एस0टी0 रिटर्न प्रस्तुत करना अनिवार्य है। | अपलोड करें। |
| 12. | कार्य अनुभव विगत तीन वर्षों में अनुमानित राशि के 80 प्रतिशत का एक कार्यादेश अथवा 50 प्रतिशत के 02 कार्यादेश अथवा 40 प्रतिशत के 03 कार्यादेश के अनुसार सफलतापूर्वक कार्य निष्पादन अनिवार्य होगा। | अपलोड करें। |
| 13. | फर्म को किसी भी सरकारी संस्था का लगातार पॉच वर्ष का अनुभव प्रमाण–पत्र लगाना अनिवार्य होगा। | अपलोड करें। |
| 14. | विगत तीन वर्षों में फर्म /मिल का औसत टर्न ओवर कम से कम एक करोड़ का हो जो सी0ए0 द्वारा ऑडिटेड हो। | अपलोड करें। |
| 15. | बिडर फर्म/मिल को अनिवार्य रूप से **ISO 1400-2.2019, ISO 45001:2018** और **SA 8000:4** अपलोड करना अनिवार्य होगा | अपलोड करें। |

मैं नीलामी/फारवर्ड ऑक्शन की सभी नियम एवं शर्तें स्वीकार करता हूँ।

नीलामीदाता का पूर्ण हस्ताक्षरः–.............................................

नीलामीदाता का पूरा नामः–.............................................

पताः–.............................................

मोबाईल नम्बरः–.............................................

ई–मेल आई.डी.:–.............................................

फर्म की मुहर :–.............................................